Chapter - 11

Image menu of Photoshop

Image menu of Photoshop

Photoshop में इमेज में सुधार करने से सम्बंधित कार्य करने के लिए इमेज मेन्यू का प्रयोग किया जाता हैं इमेज मेन्यू के द्वारा इमेज में कई कार्य आसानी से किये जा सकते हैं जैसे इमेज का कलर बदलना, इमेज के आकार को बदलना, ब्राइटनेस कम या ज्यादा करना, कलर बैलेंस सेट करना आदि |

On screen image का साइज़ बदलना

फोटोशॉप में एक ही बार में पूरी इमेज के लिए कंप्यूटर मॉनिटर पर इमेज का आकार बदला जा सकता हैं

- सबसे पहले मेन्यू बार में इमेज मेन्यू पर क्लिक करे|
- इसके बाद इमेज साइज़ पर क्लिक करें, इमेज साइज़ पर क्लिक करते ही आपके सामने image size dialog box open हो जायेगा



- Dimension बदलने के लिए width, height टाइप करे|
- यह याद रखे की Resample image विकल्प को चालू रखा जाये
- इसके बाद ok पर क्लिक करें |
- ऐसा करने पर फोटोशॉप इमेज को resize कर देगा |

नोट – एक छोटी इमेज के बजाय एक बड़ी इमेज के साथ काम करें छोटी इमेज को बड़ा करने पर इमेज की digitibility खत्म हो जाती हैं|

इमेज का कैनवास साइज़ बदलना

इमेज के कैनवास आप्शन का प्रयोग इमेज के वर्गाकार आकार को बदलने के लिए किया जाता हैं इससे इमेज का साइज़ बदल जाता हैं

- सबसे पहले मेनू बार में इमेज मेनू पर क्लिक करें
- इसके बाद canvas size को सिलेक्ट करे
- canvas size पर क्लिक करते ही आपके सामने canvas size dialog box open हो जायेगा



- नए डायलॉग बॉक्स में Dimension सेट करें
- इसके बाद एंकर पॉइंट में एंकर सिलेक्ट करें
- Ok पर क्लिक करें
- फोटोशॉप इमेज के कैनवास साइज़ को बदल देगा (कैनवास इमेज के दोनों साइड को परिवर्तित कर देगा जो सेलेक्ट किये गए एंकर पॉइंट पर आधारित होगा)

कलर वेरिएशन सेट करना

फोटोशॉप इमेज कलर एडजस्ट करने के लिए एक वेरिएशन कमांड देता हैं जिसके द्वारा इमेज को कई रंगों में देख सकते हैं

- Color variation के लिए मेनू बार में इमेज मेनू पर क्लिक करें

- यहाँ आपको adjustment आप्शन दिखाई देगा जिसे सेलेक्ट करें
- इसके बाद कलर वेरिएशन आप्शन को सेलेक्ट करें



- वेरिएशन विंडो में अलग अलग टोन्स दिए गए हैं इच्छानुसार टोन रेडियो बटन पर क्लिक करें |
- कम एडजस्टमेंट करने के लिए स्लाइडर को बाए तथा ज्यादा एडजस्टमेंट के लिए दाये खिसकाए |
- इमेज में कलर डालने के लिए वेरिएशन की अन्य इमेज के more color पर क्लिक करें
- करंट पिक थम्बनेल में वर्तमान कलर परिणाम नजर आएगा
- इमेज की ब्राइटनेस को बढ़ाने के लिए लाइटर आप्शन का प्रयोग करें तथा ब्राइटनेस को कम करने के लिए डार्कर पर क्लिक करें
- Ok पर क्लिक करें

कलर बैलेंस सेट करना

फोटोशॉप में कलर बैलेंस इमेज की मात्रा को निर्धारित करने के काम आता है |

- मेनू बार में इमेज पर क्लिक करे |
- Adjusment पर क्लिक करे |
- कलर बैलेंस पर क्लिक करे |
- कलर बैलेंस पर क्लिक करते ही आपके सामने कलर बैलेंस dialog box open हो जायेगा



- कलर बैलेंस डायलोग बॉक्स से कलर भरने के लिए tone रेडियो बटन पर क्लिक करें |
- कलर एडजस्ट करने के लिए स्लाइडर को ड्रैग करे या कलर लेवल में .100 से 100 तक नंबर डाले |
- OK पर क्लिक करे |

ब्राइटनेस और कंट्रास्ट सेट करना

फोटोशॉप में ब्राइटनेस और कंट्रास्ट का आप्शन इमेज के लुक्स को बढाता है|

- मेनू बार में इमेज पर क्लिक करे |
- Adjusment पर क्लिक करे |
- ब्राइटनेस या कंट्रास्ट पर क्लिक करने पर एक डायलोग बॉक्स स्क्रीन पर आ जायगा |



- इमेज को ब्राइटनेस देने के लिए ब्राइटनेस स्लाइडर को राईट ड्रेग या लेफ्ट में ड्रग कर डार्कनेस दे|
- कंट्रास्ट बढाने के लिए कंट्रास्ट स्लाइडर को राईट ड्रैग करे या लेफ्ट ड्रैग करें |
- OK पर क्लिक करे |